## प्रारुप–11

**परियोजना विवरण :–** **जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अंतर्गत ग्राम डोभ के उपग्राम पाटियों हेतु गौमुख से मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य (लम्बाई 0.500 कि0मी0)।**

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या निम्न है–

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अंतर्गत ग्राम डोभ के उपग्राम पाटियों हेतु गौमुख से मोटर मार्ग (प्रथम चरण) के निर्माण के लिये शासनादेश संख्या 2277/।।।(2)/19–10(एम0एल0ए0)/2017टी0सी0 दिनॉक 21.06.2019 द्वारा लम्बाई 1.00 किमी0 हेतु लागत रु0 3.38 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुयी थी, जिसकी छाया प्रति प्रस्ताव में संलग्न है। उक्त स्वीकृति के अनुपालन में **ग्राम डोभ के उपग्राम पाटियों हेतु मोटर मार्ग का नव निर्माण** हेतु मार्ग का वास्तविक सर्वेक्षण कार्य करने के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई **0.500 मीटर** आंकी गई है। इस लम्बाई हेतु अधीक्षण अभियन्ता के पत्रांक **7278/341सी–8/2019 दिनांक 21.11.2019** से उक्त लम्बाई हेतु समरेखण अनुमोदित किया गया है। तथा अनुमोदित समरेखण की प्रति संलग्न है।

यह मार्ग, गौमुख डोभ मोटर मार्ग के कि0मी0 1.00 हे0मी0 4–6 से प्रारम्भ होकर खड्ड साईड की तरफ निकलते हुए ग्राम पाटियों मे अपनी वास्तविक लम्बाई 0.500 कि0मी0 पूर्ण करता है मार्ग के चै0 0.000 से 0.025 मे 0.025 कि0मी0 लम्बाई मे आरक्षित वन भूमि, चै0 0.025 से 0.100 मे 0.075 कि0मी0 लम्बाई मे सिविल सोंयम भूमि एंव चै0 0.100 से 0.500 मे 0.400 कि0मी0 लम्बाई मे नाप भूमि पड़ रही है। ग्राम डोभ (पाटियों) हरिजन बाहुल्य गांव है, जहां की आबादी लगभग 345 है। यह गांव लगभग 0.750 कि0मी0 मे छतराया हुआ है। वर्तमान तक ग्रामवासीयों को गौमुख कस्बा मे पैदल आवाजाही करनी होती है। गौमुख मे राजकीय इण्टर कॉलेज एंव क्षेत्र का पोस्ट ऑफिस भी है, इसके अतिरिक्त उक्त क्षेत्र के लोगो को बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पौड़ीखाल मे अवस्थित है जो कि गौमुख से लगभग 6.00 कि0मी0 की दूरी पर पड़ता है स्वास्थय खराब अथवा प्रतिकूल मौसम मे लोगों को पैदल आवाजाही करनी होती है, जिस वजह से उक्त मार्ग निर्माण हेतु ग्रामवासियों की मांग लगभग दो द ाक से थी। ग्रामसभा मे निर्माण सामग्री, गैस सिलिण्डर आदि ले जाने मे ग्रामवासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, साथ ही सामग्री घर पँहुचाने मे लागत भी अधिक आती है। इसलिए ग्रामवासियों के जीवन स्तर मे सुधार, गांव की आर्थिक स्थिति मे सुधार एंव आवाजाही मे समय

19A

की बचत हेतु उक्त मोटर का निर्माण किये जाने का औचित्य प्रतीत होता है। उक्त स्थिति को देखते हुए ही इस मोटर मार्ग निर्माण हेतु सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। अतः उक्त मार्ग निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

वन क्षेत्राधिकारी
टिहरी रांजि
नई टिहरी

सहायक अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

प्रतिहस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी